ज्ञान शांति मैत्री

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

**जनसंपर्क कार्यालय**

**PUBLIC RELATIONS OFFICE**


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## हिंदी विश्वविद्यालय में लोक नृत्य लावणी के विकास का स्त्रीवादी अध्ययन' विषय पर हुआ व्याख्यान

वर्धा, 30 जुलाई 2024 : महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के स्त्री अध्ययन विभाग, क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज में ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से 'लोक नृत्य लावणी के विकास का स्त्रीवादी अध्ययन' विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले स्त्री अभ्यास केंद्र, पुणे विश्वविद्यालय की विभागाध्यक्ष डॉ. अनघा तांबे रहीं। कार्यक्रम का प्रारंभ क्षेत्रीय केंद्र प्रयागराज के अकादमिक निदेशक प्रोफेसर दिगम्बर तंगलवाड़, स्त्री अध्ययन की विभागाध्यक्ष डॉ. अवंतिका शुक्ला एवं जनसंचार के डॉ. अख्तर आलम द्वारा द्वीप प्रज्ज्वलन से हुई। कार्यक्रम का स्वागत व्यक्तव्य स्त्री अध्ययन की विभागाध्यक्ष डॉ. अवंतिका शुक्ला ने किया। मुख्य वक्ता डॉ. अनघा तांबे ने लावणी विषय पर अपनी बात रखते हुए लावणी नृत्य के लोक पक्ष के इतिहास का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने लावणी नृत्य के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक एवं क्षेत्रीय पहलुओं के बारे में विस्तारपूर्वक बातें रखीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार ने मराठी लोककला के रूप में लावणी को संरक्षण प्रदान किया है। लावणी को संरक्षित करने वाले पारंपरिककलाकार हाशिए का जीवन जी रहे हैं, ये कलाकार समाज के वंचित वर्ग से आते हैं जिस कारण उनकी पारंपरिक कला को सम्मान नहीं दिया जाता । इसमें बड़ी संख्या में महिलाएं हैं। इन कलाकारों को हाशिए से केंद्र में लाने की महती आवश्यकता पर डॉ. अनघा ने अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने लोक कला को परिभाषित किया और लावणी के विभिन्न प्रकारों जैसे संगीतबारी, श्रृंगारिक लावणी आदि की चर्चा की। अध्यक्षीय उद्बोधन मे केंद्र के अकादमिक निदेशक प्रोफेसर दिगंबर तंगलवाड़ ने लावणी के विभिन्न प्रकारों पर चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री मंजरी कुशवाहा, शोधार्थी स्त्री अध्ययन विभाग तथा धन्यवाद ज्ञापन सुश्री सायली पिपरे शोधार्थी स्त्री अध्ययन विभाग द्वारा किया गया।




पोस्ट हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442001 (महाराष्ट्र), भारत
ई-मेल/E-mail: mgahvpro@gmail.com, वेबसाइट/Website: www.hindivishwa.org
दूरभाष : +91-7152-252651 मोबाइल/Mobile : 9960562305




इस व्याख्यान में विश्वविद्यालय के शिक्षक डॉ. रामानुज अस्थाना, डॉ. अमित राय, डॉ. वीरेंद्र यादव, डॉ. आशा मिश्रा, डॉ. हरप्रीत कौर, डॉ. यशार्थ मंजुल, डॉ. सत्यवीर, डॉ. विजया सिंह, डॉ. विधु खरे दास, डॉ. श्याम सिंह सहित शिक्षक, कर्मचारी विद्यार्थी एवं शोधार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से सहभागी बने।